Case Study

नीचे दिए गए केस स्टडी को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए ।

मुंशी प्रेमचंद अनुशासित जीवन जीते थे । वे प्रातः काल जल्दी उठ जाते थे और दैनिक कार्यों से मुक्त होकर एक घंटा खुले मैदान में घूमते थे । घर लौट कर वे अपने अधिकांश कार्य स्वयं करते थे । वह नौकरों से काम लेकर अपनी आदत बिगाड़ना नहीं चाहते थे । उनका मानना था कि जिस आदमी के हाथ में काम करने से निशान न पड़े हो उसे रोटी खाने का अधिकार नहीं है । वह अपने सारे काम निपटाकर नाश्ता करते थे । लिखने के लिए उन्हें प्रातः काल का समय पसंद था । वह वक्त के बड़े पाबंद थे । वे खुद समय पर स्कूल पहुंचकर छात्रों के सामने उदाहरण प्रस्तुत करना चाहते थे । समय की बर्बादी को वे गुनाह मानते थे । उनका मानना था कि समय की पाबंदी के बिना कोई जाति या देश उन्नति नहीं कर सकता है । उन्हें छात्रों से बहुत उम्मीदें थी । वे चाहते थे की शिक्षा संस्थानों से ही छात्रों को त्याग, साहस, देश प्रेम और देश सेवा का मंत्र दिया जाना चाहिए ।

क) मुंशी प्रेमचंद घर लौट कर अधिकांश कार्य स्वयं क्यों करते थे ?

A) वे अपने हाथों को आराम देना चाहते थे।
B) वे अपने नौकरों को बहुत प्यार करते थे।
C) वे अपना काम स्वयं करना पसंद करते थे।
D) वे डरते थे कि कहीं उनका काम कोई और न कर ले ।

ख) किसे वे गुनाह मानते थे ?

A) चोरी और डकैती को ।
B) किसी से झूठ बोलने को ।
C) आज का काम कल पर छोड़ने को ।
D) समय ही बर्बादी को ।

ग) मुंशी प्रेमचंद एक घंटा क्यों मैदान में टहलते थे ?

A) उन्हें किसी से मिलना था इसलिए वे मैदान में घूमते थे ।
B) अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए वे मैदान में घूमते थे ।
C) सुबह की ताजी हवा खाने के लिए वे मैदान में जाते थे ।
D) मैदान में उनके दोस्त आते थे इसलिए वे जाते थे ।

घ) मुंशी प्रेमचंद को छात्रों से इतनी उम्मीद क्यों थी ?

A) मुंशी प्रेमचंद को छात्रों से उम्मीद थी क्योंकि वे उनको देश का भविष्य मानते थे ।
B) मुंशी प्रेमचंद को छात्रों से उम्मीद थी क्योंकि उन्हें लगता था कि छात्र अपना काम स्वयं करते हैं ।
C) मुंशी प्रेमचंद को ऐसा इसलिए लगता था क्योंकि वे छात्रों से बहुत प्यार करते थे ।
D) इनमें से कोई भी विकल्प सही नहीं है ।

ङ) उनके अनुसार कैसे व्यक्ति को रोटी खाने का अधिकार नहीं है ?

A) जो व्यक्ति समय का पाबंद ना हो उसे रोटी खाने का अधिकार नहीं है ।
B) जो व्यक्ति काम न करके आलस का जीवन बिताता है उसे रोटी खाने का अधिकार है ।
C) जो व्यक्ति अपना काम दूसरों से करवाते हैं, उन्हें रोटी खाने का अधिकार नहीं है ।
D) जो व्यक्ति जीवन में मेहनत न करता हो, उसे रोटी खाने का अधिकार नहीं है ।